# रिफाइंड, वनस्पति घी और दूध पाउडर से बना रहे थे नकली देशी घी, सहारनपुर में 'शुद्ध घी' की फैक्ट्री पकड़ी



**जागरण संवाददाता, सहारनपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी में गंगोह क्षेत्र के गांव बल्ला माजरा में घर में नकली देशी घी बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है। टीम ने मौके से तैयार नकली देशी घी के साथ ही भारी मात्रा में नकली देशी घी बनाए जाने में प्रयुक्त की जा रही सामग्री और उपकरण भी बरामद किए हैं। टीम ने फैक्ट्री से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले में सोमवार देर शाम गंगोह थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

गंगोह थाना क्षेत्र के गांव बल्ला माजरा में एक घर में नकली घी बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। इसकी भनक लगने पर सोमवार शाम को सहायक आयुक्त खाद्य पवन चौधरी के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की तो मौके पर नकली देशी बनाया जा रहा था। टीम ने 62 किलो नकली देशी घी के साथ ही भारी मात्रा में नकली घी बनाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री और नकली देशी घी बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

दो के खिलाफ केस दर्ज

मौके से गांव के ही आकिब और राकिब पुत्रगण गफ्फार को गिरफ्तार किया है। बरामद सामान को सीज करने के साथ ही टीम ने देर शाम गंगोह थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। छापेमारी करने वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जवाहर लाल और सुमनपाल भी शामिल रहे।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/saharanpur-fake-ghee-factory-busted-in-saharanpur-two-arrested-23815904.html